# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोक

(रजनी मीणा आर.ए.एस.उपखण्ड अधिकारी उनियारा द्वारा अध्यासित)

दावा संख्या :– 107 / 2020

निर्णय दिनांकः– 04.02.2021

उनवान

1. श्योजीलाल पुत्र सुरजमल जाति मीना निवासी उनियारी तहसील उनियारा जिला टोंक – प्रार्थी

बनाम

1. टीकाराम पुत्र प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
2. पप्पूलाल पुत्र प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
3. भरतलाल पुत्र प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
4. मोसमी पुत्री प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
5. रमेश पुत्र प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
6. राजन्ती पुत्र प्रभूलाल जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
7. घनश्याम पुत्र बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
8. प्रभू पुत्र भूरी जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
9. बदरा पुत्र भूरी जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
10. बंशी पुत्र सुखपाल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
11. मीठालाल पुत्र बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
12. मोजीराम पुत्र सुखपाल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
13. राधा पत्नि बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
14. रामधन पुत्र बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
15. रामफुल पुत्र बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
16. लड्डू पुत्र भूरी जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
17. सियाराम पुत्र बीरबल जाति मीना निवासी मल्लापुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
18. आशाराम पुत्र प्रहलाद जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
19. प्रहलादी पत्नि प्रहलाद जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
20. मांगीलाल पुत्र रामनाथ जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
21. गंगाधर पुत्र फुनदया जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
22. प्रसादी पुत्री फुन्दया जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
23. बीरबल पुत्र फुन्दया जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
24. शांति पुत्री फन्दया जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
25. सोदान पुत्र फुन्दया जाति मीना निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
26. कमलेश पुत्र रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
27. नन्दलाल पुत्र रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
28. फलचन्दउ पुत्र सुन्दरलाल जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
29. मंजू पुत्री रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
30. मोहनी पुत्री रामनारायण जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
31. संतरा पुत्री रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
32. सुरेश पुत्र रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
33. सुशीला पुत्री रूपचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
34. हनुमान पुत्र फुलचन्द जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
35. कन्हैयालाल पुत्र पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक

S.Re.251a.133

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

36. कानजी पुत्र पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
37. घमला पुत्री पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
38. चिरंजीलाल पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
39. जलेबी पुत्री पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
40. धनपाल पुत्र राचन्द्रा जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
41. धापू पत्नि पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
42. प्रतापा पुत्र रामचन्द्रा जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
43. प्रेम पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
44. बरपी पुत्री पुत्री पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
45. मंजू पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
46. मीठालाल पुत्र पांचू जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
47. रूकमणी पुत्री जहारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
48. राजा पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
49. श्योजी पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
50. मांगी पुत्री मथरालाल जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
51. रामप्यारी पुत्री मथरा लाल जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
52. चतरी पुत्री मांगीलाल जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
53. फालतू पुत्री रारेश जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
54. महिमा पुत्री रारेश जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
55. मोसमी पुत्री रारेश जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
56. सीयाराम पुत्र मांगीलाल जाति गुर्जर निवासी उस्मानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
57. तहसीलदार उनियारा जिला टोक
58. उषा पत्नि रमेश जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
59. पंकज पुत्र रमेश जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक
60. सोनू पुत्र रमेश जाति महाजन निवासी रोहित तहसील उनियारा जिला टोंक

– अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अर्न्गत धारा 251 ए राज0 काश्तकारी अधिनियम**

उपस्थितः– श्री कन्हेयालाल ठाडा वकील प्रार्थी अनुपस्थित
श्री प्रेम चन्द जैन वकील अप्रार्थीगण
श्री महावीर प्रसाद चौधरी वकील अप्रार्थीगण

## निर्णय

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षिप्त मे निम्न प्रकार हैः–

यह कि प्रार्थी के खातेदारी एवं कब्जे काश्त की आराजी ख0न0 122 रकबा 6.57 है0 वाके ग्राम उस्मानपुरा तहसील उनियारा मे स्थित है। प्रार्थी की उक्त वर्णित आराजी पर आने जाने का एक मात्र रास्ता जो खसरा नम्बर 143 के पास से जा रहा हैं, उसके बाद आराजी ख0न0 119 ख0न0 120 की दक्षिणी मेर के सटवा 6 फीट एवं आराजी ख0न0 139, 131, 130, 129, 127, 126 की उत्तरी मेर से सटवा 6 फीट कुल 12 फीट का रास्ता है। प्रार्थी अपने पुर्वजों के समय से खातेदारी भूमि पर प्रतिपक्षीगण की आराजीयात से आते–जाते है तथा इसी रास्ते मे होकर प्रार्थी अपने ट्रैक्टर ट्रोली व कृषि उपकरण उत्यादि लाते ले जाते रहे है। उक्त खसरा नम्बर पर आने–जाने का रास्ता तथा भूमि प्रतिपक्षीगण के खातेदारी मे दर्ज होने के कारण व राजस्व रिकार्ड नक्श शीट मे रास्ते का अंकन नही होने के करण आये दिन प्रार्थी के खेत पर आने जाने के रास्ते मे अवरोध उत्पन्न करते है। जिससे प्रार्थी को अनावश्यक परेशानियोंका सामना करना पडता है।

प्रार्थी अपने खातेदारी की भूमि पर ट्रैक्टर लेकर हकाई जुताई करने जाने लगा तो प्रतिपक्षीगण ने प्रार्थी को पूर्वजों के समय से निकल रहे रास्ते से आने–जाने नही दिया, जिससे प्रार्थीगण के खेत मे आने जाने के रास्ते को बन्द कर देने के कारण प्रार्थी का अपने खेत पर आना जाना ही बंद हो गया है। उक्त आराजी पर

S.Re.251a.134

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

आने जाने के लिये उक्त रास्ते के अलावा अन्य कोई भी रास्ता नही है। इस कारण उक्त प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ।

यह कि प्रार्थी की अधियाचना है कि प्रार्थी के खातेदारी एवं कब्जे काश्त की आराजी खाता संख्या 62 ख0न0 122 रकबा 6.57 है0 वाके ग्राम उस्मानपुरा तहसील उनियारा में आने जाने के लिये आराजी ख0न0 119 व 120 की दक्षिणी मेर से सटवा 6 फीट तथा आराजी ख0न0 139, 131, 130, 129, 127, 126 की उत्तरी मेर से सटवा 6 फीट अर्थात कुल 12 फीट रास्ता रास्ता प्रार्थी को दिलवाये जाने की आदेश प्रदान करते हुए करते हुये प्रार्थी को नियमानुसार डी.एल.सी. रेट के अनुसार राशि जमा करवाने का आदेश फरमाया जावे।

**प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिपक्षीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिपक्षीगण संख्या 1 ता 6 , 21 ता 56 की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री मस्तराम मीना ने वकालतनामा एवं जवाब प्रार्थना पेश किया कि उक्त खसरा नम्बरान से रास्ता दिये जाने से कोई आपत्ति नही है तथ प्रतिपक्षीगण संख्या 12,18 व 20 की ओर विद्वान अधिवक्ता श्री प्रेम चन्द जैन ने वकालतनामा एंव जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बिल्कुल गलत, अवैधानिक व विधि विरूद्व है, जो केवल मात्र प्रतिपक्षीगण को जरबार व परेशान करने की नियत से पेश किया है। आराजी ख0न0 122 पर आने जाने के लिए मौके पर रास्ता बना हुआ है। जो 10 फीट चौडा है। ख0न0 19 व 120 वाले खातेदारान ने मोके पर उक्त रास्ते मे चीरे गाड रखे है। बाकी रास्ता 10 फीट का खुलासा है। ख0न0 119व 120 मे से चीरे हटवाये जाकर रास्ता खुलासा करवाया जावें । अतः प्रार्थना पत्र को मौका रिपोर्ट के अनुसार 10 फीट का रास्ता प्रार्थी व प्रतिपक्षीगण के खेतो मे आने जाने का बना हुआ है, उसके अनुसार तय किया जावें।**

उक्त प्रकरण में तहसीलदार उनियारा ने मौका रिपोर्ट तलब की गई मुताबिक मौका रिपोर्ट आराजी ख0न0 122 वाके ग्राम उस्मानपुरा मे जाने के लिए रास्ता ख0न0 142 गै0 मु. रास्ते होते हुए ख0न0 143, 119, 139, 131, 120, 130, 129, 127, 126 की मेड से चाहा है। वर्तमान मे मौके पर व उपस्थिति ग्रामवासियों के बताये अनुसार ख0न0 142 से होकर ख0न0 122 तक मौके पर ख0न0 90 143, 139, 119, 131, 120, 130, 129, 127, 126 की मेड से होते हुए लगभग 10 फुट का कदमी रास्ता वर्तमान में चालू है।

उभय पक्षों के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। बहस पर गौर किया गया। पत्रावली मे उपलब्ध दस्तावेजो व बहस का मनन किया गया। प्रतिपक्षीगण के वकील ने 10 फिट दिये जाने वाले रास्ते के बारे मे कोई खण्डन प्रस्तुत नही किया है। इससे स्पष्ट है कि प्रार्थी के खातेदारी की भूमि पर आने जाने के लिये वांछित रास्ते के अलावा अन्य कोई सुलभी रास्ता नही है। तहसीलदार उनियारा की रिपोर्ट अनुसार वर्तमान मे मौके पर व उपस्थिति ग्रामवासियों के बताये अनुसार ख0न0 142 से होकर ख0न0 122 तक मौके पर ख0न0 143, 139, 119, 131, 120, 130, 129, 127, 126 की मेड से होते हुए लगभग 10 फुट का कदमी रास्ता वर्तमान में चालू है। उक्त कदमी रास्ते को राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाकर प्रार्थी को अपनी खातेदारी भूमि पर आने जाने के लिये सुलभी रास्ता दिया जाना आवश्यक है। प्रार्थी को उनकी खातेदारी की भूमि ख0न0 122 मे आने जाने के लिये आराजी ख0न0 143, 139, 131,130, 129, 127, 126, 120, 119 की मध्य की मेड 10 फीट चोडा रास्ता दिया जाना न्यायोचित है।

**अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर** प्रार्थी को उनकी खातेदारी की भूमि ख0न0 122 ग्राम उस्मानपुरा मे आने जाने के लिये आराजी ख0न0 143, 139, 131,130, 129, 127, 126, 120, 119 की मध्य की मेड 10 फीट रास्ता **दिया जाकर तहसीलदार उनियारा को निर्देशित किया जाता है कि उक्त रास्ते कि लम्बाई, चौडाई नाप कर राजस्थान स्टाम्प नियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित भूमि कीमत की दौ गुनी राशि अप्रार्थीगण को दिया जावे। उक्त आदेशानुसार रास्ते का इन्द्राज राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद किया जाये। रास्ता सिर्फ प्रार्थी के लिये उपयोग हेतु नही होकर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रहेगा। फरीकेन खर्च अपना अपना वहन करे।**

यह निर्णय आज दिनांक 04.02.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

( रजनी मीणा )
उपखण्ड अधिकारी उनियारा

S.Re.251a.135